केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
( शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन )
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

सीबीएसई/सीई/2023/ दिनांक: 25.05.2023

सेवा में
प्रधानाचार्य
सीबीएसई से सम्बद्ध स्कूल

विषय:- कक्षा-X में गणित बेसिक (241) की पेशकश करने वाले छात्रों को कक्षा-XI में गणित (041) की पेशकश करने की अनुमति

महोदया / महोदय,

आप जानते हैं कि सीबीएसई ने "मार्च 2020 को समाप्त होने वाले शैक्षणिक सत्र से अखिल भारतीय माध्यमिक विद्यालय परीक्षा के लिए गणित के दो स्तरों की शुरूआत" के विषय पर दिनांक 10 जनवरी 2019 का परिपत्र संख्या शैक्षणिक-03/2019 जारी किया है।

आगे, परिपत्र के अनुसार, गणित स्टैन्डर्ड उन छात्रों के लिए होगा जो वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर गणित (041) का चयन करना चाहते हैं और गणित बेसिक उन छात्रों के लिए होगा जो उच्च स्तर पर गणित के अध्ययन के इच्छुक नहीं हैं। हालाँकि, कोविड महामारी के कारण, बोर्ड द्वारा पिछले सत्रों में इस शर्त में ढील दी गई थी।

अब, विस्तृत विचार-विमर्श के बाद, सत्र 2023-2024 के लिए बोर्ड द्वारा निम्नलिखित निर्णय लिया गया है:-

- दिनांक 10.01.2019 के परिपत्र संख्या शैक्षणिक-03/2019 के अनुसार, कक्षा-X के छात्र जिन्होंने गणित स्टैन्डर्ड (041) का अध्ययन किया है, वे कक्षा-XI में गणित (041) की पेशकश कर सकते हैं। ऐसे मामले में, जहां छात्रों ने कक्षा X में गणित बेसिक (241) की पेशकश की है, उन्हें कक्षा-XI में केवल अनुप्रयुक्त गणित (Applied Mathematics) की पेशकश करने की अनुमति है।
- इस नियम में सीबीएसई द्वारा केवल सत्र 2023 2024 के लिए पुन: ढील दी गई है, इस प्रकार, गणित बेसिक (241) की पेशकश करने वाले छात्रों को भी कक्षा-XI में गणित (041) की पेशकश करने की अनुमति है।
- ऐसे छात्रों को कक्षा-XI में गणित (041) की अनुमति देने से पहले, संस्थान के प्रमुख को संतुष्ट/आश्वस्त होना चाहिए कि छात्रों में कक्षा-XI में गणित (041) पढ़ने की अभिक्षमता और सामर्थ्य है।

यह छूट कक्षा-XI के छात्रों के वर्तमान बैच यानी 2023-2024 की सुविधा के लिए एक विशेष उपाय के रूप में दी जा रही है।
हालांकि, यह स्पष्ट किया जाता है कि परिपत्र संख्या शैक्षणिक-03/2019 दिनांक 10.01.2019 सत्र 2024-2025 से लागू होगा।
तदनुसार, स्कूल उचित कार्रवाई कर सकते हैं।

हस्ता./-
(डॉ. संयम भारद्वाज)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि: वेब-प्रबंधक को सीबीएसई की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

"शिक्षा केन्द्र", 2, सामुदायिक केन्द्र, प्रीत विहार, दिल्ली-110092
"SHIKSHA KENDRA" 2, COMMUNITY CENTRE, PREET VIHAR, DELHI-110092
Phone (off.) : 011-22509256-59, 22041807-08, Website: www.cbse.gov.in, www.cbse.nic.in